प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय में तीन–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन

पंतनगर। 31 मार्च 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग तथा पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंध विभाग द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं के कौशल विकास के लिए तीन–दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस तीन–दिवसीय प्रशिक्षण में पहले दिन महिलाओं को सिलाई मशीन की देख–रेख, रख–रखाव व उससे संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन महिलाओं को ब्लॉक प्रिंटिग तकनीक में प्रशिक्षित किया गया। ब्लॉक प्रिंटिंग तकनीक में उपयोग होने वाले प्रिंटिग पेस्ट बनाने की व कप डेपर तकनीक को करने का प्रशिक्षण महिलाओं को दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंध विभाग द्वारा महिलाओं को पेपर मैशी तकनीक में प्रशिक्षित किया गया, जिसमें परिवारिक संसाधन एवं प्रबंध विभाग की प्राध्यापिका, डा. छाया शुक्ला ने पेपर मैशी तकनीक द्वारा 'कौशल वृद्धि पर आवश्यकता की महत्व' विषय पर जानकारी दी। इसी सत्र में पेपर मैशी तकनीकी विशेषज्ञ, श्री अजीत कुमार तथा श्रीमती चंद्रा रावत, ने महिलाओं को इस तकनीक का संपूर्ण व्यावाहारिक प्रशिक्षण दिया। महिलाओं ने तकनीक को सीखने के साथ–साथ पेपर मैशी द्वारा कई छोटे उत्पाद भी तैयार किए।

कार्यक्रम के समापन सत्र में उपस्थित मुख्य अतिथि, कुलपति, डा. तेज प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण महिलाओं को व्यवसाय व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए आवश्यक है। समापन समारोह में कुलपति द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीन व पेपर मैशी किट वितरित किये गये। कुलपति ने प्रशिक्षण समन्वयक, अधिष्ठात्री गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल; सहप्राध्यापिका वस्त्र एवं परिधान विभाग, डा. साक्षी एवं प्राध्यापिका परिवारिक संसाधन एवं प्रबंध विभाग, डा. अदिति वत्स तथा सभी संकाय सदस्यों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी।